(iii) At Dharwar to Railway Employees Cooperative Housing Society Ltd and Railmen Cooperative Housing Society Ltd.

आपात स्थिति के दौरान अनुशासन तथा अपील नियमों के अधीन रेल कर्मचारियों को बर्खास्त करना

2137. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे प्रशासन ने आपात स्थिति की घोषणा के पश्चात् विभिन्न क्षेत्रीय रेलों मे अनुशासन एवं अपील नियमों की धारा 14(2) के अधीन रेल कर्मचारियों को रेल सेवा से बर्खास्त किया है,

(ख) यदि हा, तो इस प्रकार के कर्मचारियों की रेल वार संख्या क्या है,

(ग) बर्खास्त कर्मचारियों मे से अपील करने वाले कर्मचारियो की रेल-वार संख्या कितनी है और उनकी अपीलो के क्या परिणाम निकले, और

(घ) ये बर्खास्त किये गये कर्मचारी कम से कम तथा अधिक से अधिक कितनी सेवा वाले थे ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

आल इण्डिया रेलवे मेंनस फेडेरेशन के वार्षिक सम्मेलन में किया गया निर्णय

2138. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आल इंडिया रेलवेमैन्स फेडरेशन ने जुलाई, 1976 के आरम्भ में अपना वार्षिक सम्मेलन किया था,

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को सम्मेलन में लिए गये निर्णयों का पता है; और

(ग) सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) जी हां।

(ख) और (ग). फेडरेशन द्वारा पारित प्रस्तावों की एक प्रति प्राप्त हो गयी है। प्रस्तावों मे अनेक प्रकार के मुद्दों का जिक्र है और उन पर विचार किया जा रहा है।

आरा-सहसराय और फतुहा-इस्लामपुर लाइट रेलवे के प्रबन्धकों के साथ समझौता

2139. श्री रामावतार शास्त्री : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल प्राशासन ने आरा-सहसराय और फतुहा-इस्लामपुर लाइट रेलवे को चालू रखने के बारे मे पिछले वर्ष उसके प्रबन्धकों के साथ कोई समझौता किया था,

(ख) यदि हा, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

(ग) सरकार द्वारा प्रबन्धकों को सहायता के रूप मे कितनी राशि दी जा चुकी है,

(घ) क्या इस रेलवे के कर्मचारियों को गत कई मास से वेतन नही दिया गया है, और

(ङ) यदि हा, तो सरकार ने इस बारे मे क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह): (क) केन्द्रीय सरकार (रेल मंत्रालय) ने आरा-सहसराय लाइट रेलवे कम्पनी के साथ 8-9-75 को एक पूरक करार किया है जो